
आज़ादी का अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 08.11.2021 से 13.11.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## करनाल शुगर मिल का उद्घाटन और गन्ना सीजन 2021–22 की शुरूआत

(दिनांक 08.11.21)




**विषय: करनाल शुगर मिल का उद्घाटन और गन्ना सीजन 2021–22 की शुरूआत।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने करनाल प्रवास के दौरान करनाल शुगर मिल के नवनिर्मित भाग का उद्घाटन किया साथ ही गन्ने के सीजन 2021–22 की शुरूआत भी की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शुगर मिल की क्षमता बढने से न केवल मिसान को फायदा होगा बल्कि आस–पास के जिलों को भी लाभ होगा। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने शाहबाद शुगर मिल में एक ऐथेनॉल प्लांट का उद्घाटन भी किया। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने किसानों को दी जाने वाली फसल मुआवजा राशि को 12 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रूप्ये कर दिया।


## त्रिदेव सम्मेलन

(दिनांक 08.11.21)




**विषय: त्रिदेव सम्मेलन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने करनाल में पार्टी द्वारा आयोजित त्रिदेव सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद किया साथ पिछले 7 वर्षों में



# साप्ताहिक सूचना पत्र

हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं की जानकारी भी कार्यकर्ताओं को दी। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने विशेष रूप से परिवार पहचान पत्र का उल्लेख कर अंत्योदय की भावना से काम करे के अपने संकल्प को भी दोहराया।

## न्यू स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का उद्घाटन

(दिनांक 08.11.21)

**विषयः न्यू स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का उद्घाटन।**





**प्रभावः** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने करनाल के वार्ड न. 16 में गप्पू वाला बाग स्थल पर करनाल समार्ट सिटी लिमिटडे की ओर से करीब 4 एकड़ में बनाए गए स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का उद्घाटन किया जिसमें खेल ग्राउंड के साथ ओपन जिम भी बनाई गई है। पहले इस जगह पर गंदगी और कूड़ा घर हुआ करता था पर अब खेल ग्राउडं बनने से वार्ड के सभी लोगों ने राहत की सांस ली और इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद भी व्यक्त किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस ग्राउंड का नाम फ्लाइंग सिख मिल्खा सिंह के नाम पर रखने की घोषणा की साथ ही ग्राउंड के साथ लगती जमीन पर एक सामुदायिक भवन ओर लाईब्रेरी बनाने की घोषणा भी की।

## करनाल में छठ घाट का उद्घाटन

(दिनांक 08.11.21)

**विषयः करनाल में छठ घाट का उद्घाटन।**

**प्रभावः** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने छठ के पर्व पर करनाल में छठ पूरा घाट का उद्घाटन किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस घाट की डिमांड पिछले 2 साल से की जा रही थी और आज जाकर यह तैयार हो चुका है, यह बड़ी ही खुशी की बात है। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने छठ पर्व को करनाल से विशेष रूप से संबंधित कहा कि छठ में सूर्य की उपासना की जाती है और करनाल सूर्य पुत्र कर्ण की नगरी है और कर्ण ने ही सबसे पहले सूर्य की पूजा की थी इसलिए पूरे करनाल को विशेष रूप से छठ पर्व मनाना चाहिए।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## करनाल–कैथल व करनाल इन्द्री फोरलैन रोड का उद्घाटन

(दिनांक 09.11.21)




**विषय: करनाल–कैथल व करनाल इन्द्री फोरलैन रोड का उद्घाटन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने करनाल–कैथल व करनाल–इन्द्री–लाडवा फोरलेन रोड़ का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इन सड़को के फोर लेन होने से न केवल दुर्घटनाओं में कमी आएगी बल्कि विकास को भी गति मिलेगी। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा में बनने वाले 17 राष्ट्रीय राजमार्गों और आर्बिटल रटे कॉरिडोर प्रोजेक्ट की भी जानकारी दी और कहा कि वह दिन दूर नहीं जब हरियाणा इन्फ्रास्ट्रक्चर के मामले में देश में पहले नम्बर पर होगा। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश भर में 10वीं कक्षा में अव्वल रहने वाली 20 लड़कियों को भी सम्मानित किया।


## भूतपूर्व सैनिकों और सेवानिवृत कर्मचारियों से संवाद

(दिनांक 09.11.21)



**विषय: भूतपूर्व सैनिकों और सेवानिवृत कर्मचारियों से संवाद।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज प्रदेश के सभी भूतपूर्व सैनिकों और सेवानिवृत कर्मचारियों से संवाद कर उन्हें प्रदेश के विकास में अच्छे योगदान के लिए धन्यवाद दिया साथ ही समाज और प्रदेश को आगे ले जाने के लिए वालेंटियर रूप में सहयोग देने का भी आवहान किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने समाज उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे वालेंटियर कार्यक्रम 'सम्पर्ण' की जानकारी भी सभी को दी साथ ही इस पोर्टजल पर स्वयं को रजिस्टर करवाकर समाज के विकास में सभी से योगदान देने का आवहान भी किया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गुरूग्राम में छठ पूजा
(दिनांक 10.11.21)

**विषय: गुरूग्राम में छठ पूजा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने गुरूग्राम प्रवास के दौरान सैक्टर 10 ए में छठ पूरा के अवसर पर अस्त होते सूर्य को अर्ध्य देकर सूर्य देव की उपासना की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने छठ पूमरा के दिन स्वैच्छिक अवकाश और छठ पूरा का घाट बनवाने की घोषणा भी की।




## उपायुक्तों के साथ विडियो कांफ्रेंस
(दिनांक 11.11.21)



**विषय: उपायुक्तों के साथ विडियो कांफ्रेंस।**

**निर्णय:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज सभी जिला उपायुक्तों के साथ विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक की और विभिन्न मुद्दो पर चर्चा की जिसमें सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए गए कि :–

- सभी अपने–2 जिलों में 100 प्रतिशत कोरोना वैक्सीनेशन सुनिष्चित करें और इसके लिए जल्द ही 'हर घर दस्तक' अभियान भी चलाया जाएगा।
- अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत 1 लाख रूप्ये से कम आमदनी वाले परिवारों के लिए रोजगार मेले लगाकर उन्हें रोजगार दिलवाया जाए।
- जिन जिलों में अब भी जलभराव की समस्या है वहां जल निकासी के प्रबंध को बढ़ाकर जल की निकासी जल्द से जल्द करें।
- खाद की आपूर्ति सुनिष्चित करें और उसके स्टॉक और कालाबजारी करने वालों पर कार्यवाही करें।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की बैठक

(दिनांक 11.11.21)




**विषय: विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कार्यों की समीक्षा बैठक ली जिसमें निम्न निर्णय लिए गएः–


- कौशल विकास मिशन की मॉनिटरिंग और इसमें उत्कृष्ट संस्थाओं की गुणवत्ता विश्वविद्यालय सुनिष्चित करेगा।
- हरियाणा सरकार में ग्रुप–डी की भर्ती के लिए आवश्यक कौशल के कोर्स और डिप्लोमा विश्वविद्यालय में शुरू किए जाएंगे।
- विश्वविद्यालय से संबंधित स्टॉफ की भर्ती आने वाले समय में हरियाणा स्टॉफ सिलेक्शन कमीशन (HSSC) के माध्यम से की जाएगी।

## गोपाष्टमी समारोह

(दिनांक 11.11.21)

**विषय: गोपाष्टमी समारोह।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज गोपाष्टमी के अवसर पर पिंजौर स्थित कामधेनू गौशाला और गौवंश अनुसंधान केन्द्र का दौरा किया। मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर खादी, प्राकृतिक पेंट सयंत्र, गौमुत्र फिनाइल, गामला प्रयोगशाला, जैविक खाद प्लांट आदि का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह केन्द्र अन्य गौशालाओं के लिए मार्गदर्शन का कार्य करेगा और उन्हें ........................ गतिविधियों को जोड़ने में मदद करेगा। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने अपने स्वैच्छिक काश से कामधेनू गौशाला को 21 लाख रूपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की और सभी को गोपाष्टमी की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## HEPB की बैठक
(दिनांक 13.11.21)

**विषय: HEPB की बैठक।**


**प्रभाव:** आज गुरूग्राम में माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में हरियाणा इंटरप्राइजेज प्रमोशन बोर्ड की बैठक हुई जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय हुए इसमें सबसे महत्वपूर्ण 18.000 करोड़ रूपये के निवेश से खरखोदा में लगने जा रहे मारूति के प्लांट को मंजूरी दे दी गई। इसके साथ ही पानीपत में भी देश के सबसे बड़े पेंट प्लांट को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इन दोनों प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलने से हरियाणा में इंडस्ट्री के नए क्षेत्र के साथ विकास के नए रास्ते खुलेंगे।



## CSR बैठक
(दिनांक 13.11.21)

**विषय: CSR बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुरूग्राम में विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनसे CSR पर चर्चा की। माननीय मुख्यमंत्री जी ने CSR (कॉमन सोशल रिस्पांसिबिलिटी) के तहत समाज में सहयोग करने वाली सभी कम्पनियों को धन्यवाद दिया और कोरोना की विकट घड़ी में CSR का अहम योगदान बताया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने CSR के माध्यम से प्रदान की गई TB जांच लेब और एक एंबूलेंस का भी शुभारंभ किया, साथ ही सभी कम्पनियों से प्रदेश के विकास में अपना योगदान देते रहने का भी आवहान किया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## स्वामी धर्मदेव जी का जन्मदिवस समारोह

(दिनांक 13.11.21)

**विषय: स्वामी धर्मदेव जी का जन्मदिवस समारोह।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्वामी धर्मदेव जी के जन्मदिन के अवसर पर उनके पटौदी स्थित आश्रम पर पहुंचकर उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी साथ ही उनकी लंबी आयु की कामना की।



## श्रवण एवं वाणी नि:शक्तजन कल्याण केन्द्र, गुरूग्राम

(दिनांक 14.11.21)




**विषय: श्रवण एवं वाणी नि:शक्तजन कल्याण केन्द्र, गुरूग्राम।**

**प्रभाव:** बाल दिवस के अवसर पर आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने श्रवण एवं वाणी नि:शक्तजन केन्द्र गुरूग्राम में पहुंचकर बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई पुस्तक का विमोचन भी किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने साइन लेंग्वेज को किसी चमत्कार से कम नहीं है और विश्वास दिलाया कि इस तरह के बच्चों को आगे बढाने के लिए सरकार जो भी संभव है वह कदम उठायेगी और बच्चों को पीछे नहीं रहने देगी।